9. नाम के बदले आने वाले शब्द (सर्वनाम)

सर्वनाम यानि सबका नाम। संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। सर्वनाम संज्ञा शब्दों के बार-बार प्रयोग की बोझिलता से भाषा को बचाते हैं, साथ ही भाषा को सहज ग्राह्य भी बनाते हैं।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को सर्वनामों के बारे में बताएँ।
- ❖ समझाएँ, अपने लिए मैं, मेरा, दूसरे के लिए तुम, तुम्हारा, आप तथा अन्य के लिए वह, वे, यह, ये आदि सर्वनाम प्रयोग करते हैं।
- ❖ मैं, तुम और आप सर्वनामों का वाक्य प्रयोग करते हुए इन सर्वनामों से परिचित करवाएँ।
- ❖ बच्चों से बातचीत करते हुए पूछें, वे किसके लिए तुम, आप सर्वनाम का प्रयोग करते हैं। समझाएँ, अपने से छोटों के लिए 'तुम' तथा अपने से बड़ों के लिए 'आप' प्रयोग करना चाहिए।
- ❖ प्रत्येक बच्चे पर ध्यान रखें कि वह सर्वनाम और उनका प्रयोग भली-भाँति समझ पा रहा है या नहीं।
- ❖ बताएँ, पास की एक वस्तु के लिए 'यह', अधिक वस्तु के लिए 'ये' तथा दूर की एक वस्तु के लिए 'वह' तथा अधिक वस्तु के लिए 'वे' प्रयोग करते हैं।
- ❖ बच्चों से इन सर्वनामों का प्रयोग करवाते हुए वाक्य बनवाएँ तथा कक्षा में बुलवाएँ।
- ❖ अभ्यास बच्चों से करवाएँ, यथासंभव सहायता भी करें।